प्रादेशिक समाचार

06.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद से मनीलाउंड्रिंग मामले में ईडी करेगी पूछताछ, छापेमारी में 15 लाख रुपए नकद समेत मिले थे कई अहम दस्तावेज।

2. राज्य के वित्त मंत्री चालू वितीय वर्ष के पहले तीन महीने में विभिन्न विभागों द्वारा बजट का 15 प्रतिशत से कम राशि खर्च करने पर नाराज, 8 जुलाई को सचिवों के साथ करेंगे बैठक।

3. राजभवन ने कॉलेजों द्वारा इंटरमीडिएट में नामांकन लिए जाने पर राज्य के चार विश्वविद्यालयों को जारी किया नोटिस, एक सप्ताह में पूरी रिपोर्ट देने का निर्देश।

4. राजधानी रांची समेत राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला जा रहा मुहर्रम का जुलूस, असामजिक तत्वों और सोशल मीडिया की भी लगातार हो रही है निगरानी।

5. दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता कल से गुमला में होगा आगाज, रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगी सदर प्रखंड की टीम।

*****************

राज्य के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और पूर्व विधायक अम्बा प्रासद तथा उनके अन्य सहयोगियों से मनीलाउंड्रिंग और अन्य मामलों में प्रवर्तन निदेशालय जल्द पूछताछ कर सकती है। इस बाबत उन्हें जल्द समन जारी किया जाएगा। इस सिलसिले में ईडी ने इनके ठिकानों पर की गई छापेमारी पूरी कर ली है। इस दौरान पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई के चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकाने से पन्द्रह लाख रुपए नकद और अन्य सहयोगियों के यहां से कई अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। ईडी ने इन दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच के बाद इनसे पूछताछ करने का निर्णय लिया गया है।

*****************

राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने चालू वित्तीय वर्ष के पहले तीन महीने में विभिन्न विभागों द्वारा बजट का 15 प्रतिशत से कम राशि खर्च किए जाने पर नाराजगी जताई है। वित्त मंत्री ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इसकी समीक्षा करने को कहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि आठ जुलाई को इस संबंध में सभी विभागों के प्रधान सचिव के साथ बैठक करेंगे, ताकि विकास कार्यों में गति लाई जा सके।

*****************

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि पेसा कानून के ड्राफ्ट को लेकर पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव दिए हैं। अब इन सुझावों को संबंधित विभाग के मंत्री को सौंपा जाएगा।

*****************

राज्य सरकार ने झारखंड राज्य आवास बोर्ड के आवासों की नीलामी और आवंटन में दिव्यांगों को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इस बाबत नगर विकास और आवास विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

*****************

कोडरमा स्टेशन पर देश की पहली लाइफ लाइन एक्सप्रेस का आगमन हो चुका है। इसके जरिए लोगों को ग्यारह जुलाई से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएगी। कोडरमा की अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने ज्यादा से ज्यादा लोगों से इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

*****************

देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में चढ़ावे के रूप में लगभग 18 लाख रुपए मिले हैं। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन की उपस्थिति में सभी 18 दान पेटियां खोली गयी, जिसमें चढ़ावे में मिली राशि की गिनती की गई। इस राशि का उपयोग मंदिर के विकास कार्यों में होगा।

*****************

वहीं राजभवन ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग, सिदो कान्हू विश्वविद्यालय दुमका, कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा और नीलांबर–पीतांबर विश्वविद्यालय पलामू को नए शैक्षणिक सत्र में इंटर में नामांकन को लेकर नोटिस जारी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। राज्यपाल सचिवालय की संयुक्त सचिव अर्चना मेहता ने कहा कि नई शिक्षा नीति–2020 लागू होने के बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई प्लस टू विद्यालयों में होना है। ऐसे में विश्वविद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई नई शिक्षा नीति के प्रावधानों का उल्लंघन है।

*****************

आईआईटी– आईएसएम, धनबाद की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश–विदेश के कई वैज्ञानिक और विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं । आईआईटी आईएसएम की प्रोफेसर रश्मि सिंह ने बताया कि विकसित भारत 2047 के विजन के परिपेक्ष्य में डिजिटल तकनीक, व्यापारिक उत्कृष्टता और सतत विकास पर सेमिनार में चर्चा हो रही है।

*****************

गिरिडीह जिला प्रशासन ने मनरेगा की योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों से राशि की वसूली शुरू कर दी है।

*****************

आज मुहर्रम है। हमेशा यह दिवस पैगम्बर मुहम्मद के पोते हज़रत इमाम हुसैन और उनके शागिर्दों की शहादत की याद में मनाया जाता है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हज़रत इमाम हुसैन ने विपरीत परिस्थितियों में भी सत्य पर अडिग रहने की प्रेरणा दी थी।

इधर, राजधानी रांची समेत राज्यभर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मुहर्रम जुलूस निकाला जा रहा है। संवेदनशील इलाकों तथा जुलूस मार्ग में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है, वहीं असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया की भी लगातार निगरानी की जा रही है।

*****************

राजधानी रांची में घुरती रथयात्रा के साथ दस दिनों से चल रहे रथयात्रा महोत्सव का आज समापन हो रहा है। इस दौरान मौसीबाड़ी में नौ दिनों के प्रवास के बाद भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और

बहन  सुभद्रा को मुख्य मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा। इसे लेकर आज सवेरे से ही मंदिर में  कई अनुष्ठान हो रहे हैं। खूंटी में भी रथयात्रा का समापन  महोत्सव् पूरे आस्था, उल्लास और धूमधाम से मनाया गया।

*****************

मौसम विभाग ने एक बार फिर राज्य के कई  हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज रांची, रामगढ़ सिमडेगा, खूंटी, गुमला और पश्चिमी  सिंहभूम तथा  इससे सटे  इलाकों में मूसलाधार बारिश  होगी।

*****************

रांची  जिलास्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल  प्रतियोगिता के अंडर– सत्रह बालक वर्ग में सदर प्रखंड  ने खिताब अपने नाम कर  लिया। फाइनल मुकाबले में उसने नामकुम प्रखंड  की टीम पर दो– शून्य  से शानदार जीत दर्ज की। अब  विजेता टीम गुमला में कल से  आयोजित होने वाले प्रमंडलस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल  प्रतियोगिता में रांची जिले का  प्रतिनिधित्व करेगी।

******समाप्त***********